बिहार सरकार
कला, संस्कृति एवं युवा विभाग

पत्रांक– 5पुरा/नि01–03/2024/..... पटना, दिनांकः

सेवा में,

महालेखाकार (ले0 एवं ह0)
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषयः– राज्य के पुरातात्विक स्थलों/स्मारकों की सुरक्षा हेतु चयनित निजी सुरक्षा एजेंसी मेसर्स कमाण्डो इंडस्ट्रीयल सिक्योरिटी फोर्स, पटना द्वारा उपलब्ध कराये गये सुरक्षा कर्मियों के माह मार्च, 2026–जून, 2026 तक के पारिश्रमिक राशि के भुगतान हेतु कुल राशि– 28,24,640/– (अट्ठाईस लाख चौबीस हजार छः सौ चालीस रुपये) मात्र निकासी की स्वीकृति।

आदेशः– स्वीकृत।

2. व्यय का विकलन वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में मांग संख्या–08 के अधीन बजट शीर्ष 2205–कला एवं संस्कृति–103–पुरातत्व विज्ञान–0001–पुरातत्व निदेशालय, विपत्र कोड 08–2205001030001 के अन्तर्गत विषय शीर्ष 2804–व्यावसायिक/कला/तकनीकी सेवाएँ में उपबंधित राशि से होगा।
3. राशि की निकासी संलग्न विवरणी के अनुसार संबंधित संग्रहालयाध्यक्षों/सहायक संग्रहालयाध्यक्षों/जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी (निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी) द्वारा सबंधित कोषागार से की जाएगी। सुरक्षा एजेंसी मेसर्स कमाण्डो इंडस्ट्रीयल सिक्योरिटी फोर्स, पटना द्वारा प्रतिनियुक्त सुरक्षा कर्मियों के वास्तविक रुप से कृत कार्य के विरुद्ध एकरारनामा तथा वास्तविक उपस्थिति विवरणी (बायोमेट्रिक उपस्थिति) के आधार पर नियमानुसार भुगतान करना निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी एवं किसी भी अनियमित अथवा अधिक भुगतान की जिम्मेदारी भी निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।
4. यह भुगतान एकरारनामा की कंडिका–15 के अनुसार पूर्व माह के EPF, ESI के जमा करने के साक्ष्य प्राप्त कर तथा कंडिका–25 के अनुसार जहाँ आवश्यक हो नियमानुकूल कटौती कर किया जायेगा।
5. निजी सुरक्षा एजेंसी मेसर्स कमाण्डो इंडस्ट्रीयल सिक्योरिटी फोर्स, पटना द्वारा उपलब्ध कराये गये सुरक्षा कर्मियों को पारिश्रमिक राशि का भुगतान उनके कल्याण कोष की राशि की कटौती कर सुनिश्चित करेंगे।
6. यह स्वीकृति वित्त विभाग के संकल्प संख्या– 12888 कंडिका–2 (क), दिनांक 03.12.2024 के निहित प्रावधान के आलोक में दी गई है।
7. राशि की निकासी वित्त विभाग के परिपत्र संख्या– 2561, दिनांक 17.04.1998 तथा 214, दिनांक 06.03.2024 के आलोक में की जायेगी।
8. राशि की स्वीकृति पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन एवं स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या– 5पुरा0/नि01–03/2024/के क्रमशः पृ0–156/टि0 एवं 151/टि0 पर प्राप्त है।
9. वित्त विभाग के परिपत्र संख्या–7355 वि0(2), दिनांक–05.10.2007 के आलोक में राशि की निकासी हेतु महालेखाकार से प्राधिकार–पत्र प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/–
(कृष्ण कुमार)
निदेशक, पुरातत्व, बिहार।

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांकः ...../ पटना, दिनांक ...../2026

प्रतिलिपिः–सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–

निदेशक, पुरातत्व, बिहार।

ज्ञापांकः 485/ पटना, दिनांक 05/10/2026

प्रतिलिपिः– सभी संबंधित संग्रहालयाध्यक्ष/सहायक संग्रहालयाध्यक्ष/जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी/बजट शाखा/प्रशाखा पदाधिकारी–01 एवं 05/आई0टी0 प्रबंधक, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

5/10/26

निदेशक, पुरातत्व, बिहार।

क्र	कोषागार	संलग्न पुरास्थल/स्मारक	सुरक्षा कर्मियों की संख्या	GST सहित स्वीकृत राशि	निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी का नाम
1	जिला कोषागार, नवादा	अपसढ़ गढ, वराह मंदिर एवं अपसढ़ ग्राम स्थित प्राचीन तालाब, नवादा	03	1,51,320/–	सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, नारदः संग्रहालय, नवादा
		पार्वती पहाड़ी, नवादा	03	1,51,320/–	
2	जिला कोषागार, बिहारशरीफ (नालन्दा)	तेल्हाड़ा, नालन्दा	03	1,51,320/–	सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, बिहारशरीफ संग्रहालय, बिहारशरीफ
		बड़ीगढ़ वेशवक एवं छोटीगढ़ वेशवक, नालन्दा	03	1,51,320/–	
3	जिला कोषागार, जमुई	लॉर्ड मिन्टो टावर, जमुई	02	1,00,880/–	सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, चन्द्रशेखर सिंह संग्रहालय, जमुई
4	जिला कोषागार, भागलपुर	खेरी पुरातत्व स्थल, शाहकुण्ड,भागलपुर	03	1,51,320/–	सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, भागलपुर संग्रहालय, भागलपुर
		सूर्य मंदिर, कन्दाहा, मौजा मडवार, सहरसा	02	1,00,880/–	
		महमूदशाह का मकबरा, कहलगाँव, भागलपुर	02	1,00,880/–	
		भदरिया में चांदन नदी के किनारे प्राप्त हुए पुरातात्विक स्थल/अवशेष, बांका	02	1,00,880/–	
5	जिला कोषागार, पूर्णियाँ	जलालगढ़ किला कसबा, पूर्णियाँ	02	1,00,880/–	सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, भागलपुर संग्रहालय, भागलपुर
6	जिला कोषागार, मुंगेर	मुंगेर किला, मुंगेर	03	1,51,320/–	सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, भागलपुर संग्रहालय, भागलपुर

7	जिला कोषागार, लखीसराय	लाली पहाड़ी (जयनगर), लखीसराय	01	50,440/–	सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, लखीसराय संग्रहालय, लखीसराय
		सतसंडा पहाड़, लखीसराय	02	1,00,880/–	
		बिछवे पहाड़, लखीसराय	02	1,00,880/–	
		लय, लखीसराय	02	1,00,880/–	
8	जिला कोषागार, बेतिया (पश्चिम चम्पारण)	सोफा मंदिर, पश्चिम चम्पारण	06	3,02,640/–	सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, गाँधी स्मृति संग्रहालय, भितिहरवा (पश्चिम चम्पारण)
9	जिला कोषागार, बेतिया (पश्चिम चम्पारण)	हजारीमल धर्मशाला, बेतिया	03	1,51,320/–	सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, बेतिया संग्रहालय, बेतिया (पश्चिम चम्पारण)
10	विकास भवन कोषागार, पटना	गोलघर, पटना	12	6,05,280/–	सहायक संग्रहालयाध्यक्ष, भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय–सह–वाचनालय, पटना
कुल ₹ 28,24,640/– (अट्ठाईस लाख चौबीस हजार छः सौ चालीस रुपये) मात्र					

5/10/24

(कृष्ण कुमार)
निदेशक, पुरातत्व, बिहार।